# हिन्दी व्याकरण

# मुहावरे

## BY - SCIENCE KA MAHAKUMBH

## मुहावरे किसे कहते हैं?

मुहावरे वाक्यांशों को कहते हैं जो भाषा में अक्सर प्रयुक्त होते हैं और विशेष अर्थ या सांकेतिक भाषा के रूप में काम करते हैं। इनका उपयोग आमतौर पर विचारों या भावनाओं को सांकेतिक तरीके से व्यक्त करने के लिए किया जाता है, और ये भाषा को रिचर और व्यापक बनाते हैं।

मुहावरों का प्रयोग भाषा को जीवंत और रंगीन बनाता है, और व्यक्ति की भावनाओं और सोच को सांकेतिक तरीके से व्यक्त करने में मदद करता है।

ऐसे कथन या वाक्यांश जो अपने साधारण अर्थ को छोड़ कर विशेष अर्थ को व्यक्त करते हैं उन्हें मुहावरा (मुहावरे) कहते हैं।

## अ, आ से मुहावरा

- अँगारे बरसना- अत्यधिक गर्मी पड़ना।
- अंगार उगलना - क्रोध में अत्यधिक कटु बातें कहना
- अंगारों पर पैर रखना- कठिन कार्य करना।

- अँगारे सिर पर धरना- विपत्ति मोल लेना।
- अँगूठा चूसना- बड़े होकर भी बच्चों की तरह नासमझी की बात करना।
- अँगूठा दिखाना - इनकार करना।
- अँगूठी का नगीना- अत्यधिक सम्मानित व्यक्ति अथवा वस्तु।
- अंग-अंग फूले न समाना- अत्यधिक प्रसन्न होना।
- अंगद का पैर होना - अति दुष्कर/असम्भव कार्य होना।
- अंग लगाना - स्नेह से लिपटा लेना।
- अन्धी सरकार- विवेकहीन शासन।
- अन्धे की लाठी लकड़ी.होना-एकमात्र सहारा होना।
- अन्धे के आगे रोना-निष्ठुर के आगे अपना दुःखड़ा रोना।
- अम्बर के तारे गिनना-नींद न आना।
- अन्धे के हाथ बटेर लगना-भाग्यवश इच्छित वस्तु की प्राप्ति होना।
- अक्ल का अन्धा-मूर्ख।
- अक्ल के घोड़े दौड़ाना-हवाई कल्पनाएँ करना।
- अक्ल चरने जाना-मति-भ्रम होना, बुद्धि भ्रष्ट हो जाना।
- अक्ल पर पत्थर पड़ना-बुद्धि नष्ट होना।
- अक्ल के पीछे लाठी लिये फिरना-मूर्खतापूर्ण कार्य करना।
- अगर मगर करना-बचने का बहाना ढूँढना।
- अधजल गगरी छलकत जाए-अज्ञानी पुरुष ही अपने ज्ञान की शेखी बघारते हैं।
- अन्त न पाना-रहस्य न जान पाना।
- अन्त बिगाड़ना-नीच कार्यों से वृद्धावस्था को कलंकित करना।
- अन्न-जल उठना-मृत्यु के सन्निकट होना।

- अपना उल्लू सीधा करना-अपना काम निकालना।
- अपनी खिचड़ी अलग पकाना - सबसे पृथक् कार्य करना।
- अपने मुँह मियाँ मिट्ठ बनना-अपनी प्रशंसा स्वयं करना।
- अपना-सा मुँह लेकर रह जाना-लज्जित होना।
- For all pdf search on google - science ka mahakumbh
- आँख मिलाना-सामने आना।
- आ बैल मुझे मार - जान बूझकर विपत्ति मोल लेना
- आँखें फेरना-उपेक्षा करना, कृपा दृष्टि न रखना।
- आँख का तारा-अत्यन्त प्यारा।
- आँखों में धूल झोंकना-धोखा देना।
- आँखों का पानी ढलना - निर्लज्ज हो जाना।
- आँख चुराना-बचना, छिप जाना।
- आँखें बिछाना-आदरपूर्वक किसी का स्वागत करना।
- आँख दिखाना—क्रुद्ध होना।
- आँखें चार होना—प्रेम होना।
- आँख मिलाना - सामने आना।
- आँचल-बाँधना-गाँठ बाँधना, याद कर लेना।
- आँखों में सरसों का फूलना-मस्ती होना।
- आठ-आठ आँसू बहाना-बहुत अधिक रोना।
- आसमान से बातें करना-बहुत बढ़-चढ़कर बोलना।
- आस्तीन का साँप-कपटी मित्र।
- आड़े हाथों लेना-शर्मिन्दा करना।
- आँखों का पानी ढलना-निर्लज्ज हो जाना।
- अपना घर समझना - संकोच न करना।

Science ka Mahakumbh

- अपने पाँव में कुल्हाड़ी मारना-अपने अहित का काम स्वयं करना।
- आग-बबूला होना-अत्यधिक क्रोध करना।
- आधा तीतर आधा बटेर- अधूरा ज्ञान।
- आपे से बाहर होना - सामर्थ्य से अधिक क्रोध प्रकट करना।
- आकाश-पाताल एक करना - अत्यधिक प्रयत्न करना।
- आसमान टूट पड़ना - अचानक घोर विपत्ति आ जाना।

## इ, ई से मुहावरा

- इज्जत मिट्टी में मिलाना - मान-मर्यादा नष्ट करना।
- इधर की उधर लगाना - चुगली करना।
- ईमान बेचना - विश्वास समाप्त करना।
- ईंट से ईंट बजाना - हिंसा का करारा जवाब देना, खुलकर लड़ाई'
- इंद्र की परी होना - बहुत सुँदर स्त्री होना
- इज्जत उतारना - अपमानित करना
- इधर- उधर की करना -टाल मटोल करना
- इस हाथ देना , उस हाथ लेना -हिसाब किताब साफ़ रखना
- For all pdf search on google - science ka mahakumbh
- इधर-उधर की हाँकना - बेकार की बातें करना
- ईंट का जवाब पत्थर से देना- मुँह तोड़ जवाब देना
- ईद का चाँद होना - बहुत दिनों बाद दिखाई न देना

## उ से मुहावरा

- उँगली उठाना - दोष दिखाना।
- उँगली पकड़ते - पकड़ते पहुँचा पकड़ना-थोड़ा प्राप्त हो जाने पर अधिक पर अधिकार जमाना।
- उँगली पर नचाना - संकेत पर कार्य कराना।
- उड़ती चिड़िया के पंख गिनना - कार्य-व्यापार को देखकर व्यक्तित्व को जान लेना।
- ऊँची दुकान फीके पकवान - प्रसिद्ध स्थान की निकृष्ट वस्तु होना।
- ऊँट के मुँह में जीरा - बहुत कम मात्रा में कोई वस्तु देना।
- उल्टी गंगा बहाना - परम्परा के विपरीत काम करना।
- उल्टी माला फेरना - किसी के अमंगल की कामना करना, लोक विश्वास अथवा परम्परा के विपरीत कार्य करना।

## ए, ऐ से मुहावरा

- एक आँख से देखना - सबके साथ समानता का व्यवहार करना, पक्षपातरहित होना।
- एक अनार सौ बीमार - एक वस्तु के लिए बहुत-से व्यक्तियों द्वारा प्रयत्न करना।
- एक और एक ग्यारह होना - एकता में शक्ति होना।
- एक हाथ से ताली नहीं बजती - झगड़ा एक ओर से नहीं होता।
- For all pdf search on google - science ka mahakumbh

- एड़ी-चोटी का पसीना एक करना - अत्यधिक परिश्रम करना।
- ऐसी-तैसी करना - अपमानित करना/काम खराब करना।
- ऐंठ कर चलना - गर्व से चलना
- ऐंठ जाना - क्रोधित हो जाना

## ओ से मुहावरा

- ओखली में सिर देना - जान-बूझकर अपने को मुसीबत में डालना।
- ओठ चाटना - स्वाद की इच्छा रखना
- ओठ मलना- दण्ड देना
- ओठ चवाना - क्रोध करना
- ओठ सूखना - प्यास लगना

## क से मुहावरा

- कंगाली में आटा गीला होना - विपत्ति में और विपत्ति आना।
- कन्धे से कन्धा मिलाना - सहयोग देना।
- कच्चा चिट्ठा खोलना - गुप्त भेद खोलना।
- कमर टूटना - हिम्मत पस्त होना।
- कलाम तोड़ना - अत्यन्त अनूठा, मार्मिक या हृदयस्पर्शी वर्णन करना।
- कलेजा छलनी होना - कड़ी बात से जी दुःखना।
- कलेजा धक-धक करना - भयभीत होना।
- कलेजा निकालकर रख देना - सर्वस्व दे देना।

- कलेजा मुँह को आना - अत्यधिक व्याकुल होना।
- कलेजे पर पत्थर रखना - धैर्य धारण करना।
- कसाई के खूटे से बाँधना - निर्दयी व्यक्ति को सौंपना।
- काँटों पर लोटना - ईर्ष्या से जलना, बेचैन होना।
- कागज काला करना - व्यर्थ ही कुछ लिखना।
- कागजी घोड़े दौड़ाना - कोरी कागजी कार्यवाही करना।
- काठ का उल्लू होना - मूर्ख होना।
- कान उमेठना- शपथ लेना
- कान खोलना- सावधान करना
- कान देना- ध्यान देना
- For all pdf search on google - science ka mahakumbh
- कान पर जून रेंगना- बेखबर रहना
- कानों में तेल डालकर बैठ जाना- बात सुनकर भी ध्यान न देना
- कान पकड़ना- प्रतिज्ञा करना
- कान भरना- निन्दा करना
- कानों कान खबर होना- बात फैलना
- कान फूंकना -चेला बनाना ,गुरुमंत्र देना
- कान काटना- बढ़कर काम करना
- कान खड़े होना- होशियार होना
- कान खाना - निरन्तर बातें करके परेशान करना।
- कान पर जूं न रेंगना - बार-बार कहने पर भी प्रभाव न होना।
- काया पलट देना - स्वरूप में आमूल परिवर्तन कर देना।
- काला अक्षर भैंस बराबर - बिल्कुल अनपढ़।

CONTACT WHATSAPP = +91 9708761420, +91 8081695139

- कीचड़ उछालना - लांछन लगाना।
- कुएँ में भाँग पड़ना - सम्पूर्ण समूह परिवार का दूषित प्रवृत्ति का होना।
- कुएँ में बाँस डालना - बहुत तलाश करना।
- कुत्ते की मौत मरना - बुरी तरह मरना।
- कूप-मण्डूक होना - संकुचित विचारवाला होना।
- कोयले की दलाली में हाथ काले - कुसंगति से कलंक अवश्य लगता है।
- कोल्हू का बैल - अत्यन्त परिश्रमी।

## ख से मुहावरा

- खटाई में डालना - उलझन पैदा करना।
- खरी-खोटी सुनाना - फटकारना।
- खून का प्यासा होना - जानी दुश्मन होना।
- खून खौलना- गुस्सा चढ़ना
- खून सूखना- अधिक डर जाना
- खून सवार होना- किसी को मार डालने के लिए तैयार होना
- **For all pdf search on google - science ka mahakumbh**
- खून पीना- मार डालना, सताना
- खून सफेद होना - उत्साह का समाप्त हो जाना, बहुत डर जाना।
- खेल खिलाना - प्रतिपक्षी को समय देना।
- खेत रहना - लड़ाई में मारा जाना।

- खरी मजूरी चोखा काम - अच्छी मजदूरी लेनेवाले से अच्छे काम की ही अपेक्षा की जाती है।
- खाक छानना - भटकना।

## ग से मुहावरा

- गड़े मुर्दे उखाड़ना - बहुत पुरानी बात दोहराना।
- गागर में सागर भरना - थोड़े शब्दों में अधिक बात कहना।
- गाल फुलाना- रूठना
- गाल बजाना- डींग मारना
- काल के गाल में जाना - मृत्यु के मुख में पड़नागुड़-गोबर करना - काम बिगाड़ना।
- गूलर का फूल होना - अलभ्य वस्तु होना।

## घ से मुहावरा

- घड़ों पानी पड़ना - दूसरों के सामने हीन सिद्ध होने पर अत्यन्त लज्जित होना।
- घर का दीपक - घर की शोभा और कुल की कीर्ति को बढ़ानेवाला।
- घर की खेती - सहज में मिलनेवाला पदार्थ।
- घर फूंक तमाशा देखना - क्षणिक आनन्द के लिए बहुत अधिक खर्च करना।
- घाट-घाट का पानी पीना - अनेक स्थलों का अच्छा - बुरा अनुभव प्राप्त करना/चालाक होना।
- घाव हरा होना - भूले दुःख की याद आना।
- घी के दीये जलाना - खुशी मनाना।
- घोड़े बेचकर सोना - निश्चिन्त होना।

# च से मुहावरा

- चम्पत होना-भाग जाना।
- चाँद पर थूकना-निर्दोष को दोष देना।
- चूना लगाना-हानि पहुँचाना।
- चाँदी काटना- अधिक लाभ प्राप्त करना।
- चिकना घड़ा होना-निर्लज्ज होना।

# छ से मुहावरा

- छक्के छुड़ाना-हिम्मत पस्त कर देना।
- छठी का दूध याद आना-घोर संकट में फँसना।
- छाती पर मूंग दलना-अत्यन्त कष्ट देना।
- छाती पर पत्थर रखना-दुःख सहने के लिए हृदय कठोर करना।

# ज से मुहावरा

- जमीन पर पैर न रखना-बहुत अभिमान करना।
- जली-कटी कहना-व्यंग्यपूर्ण बात करना।
- जी-जान लड़ाना-बहुत परिश्रम करना।
- जोड़-तोड़ करना - दाँव-पेंचयुक्त उपाय करना।

# झ से मुहावरा

- झख मारना-व्यर्थ समय गँवाना/विवश होना।

# ट से मुहावरा

- टस से मस न होना-विचलित न होना।
- टका-सा जवाब देना-साफ इनकार करना।
- टपक पड़ना-सहसा बिना बुलाए आ पहुँचना।
- टाँग अड़ाना-दखल देना।
- टेढ़ी खीर-कठिन कार्य।
- For all pdf search on google - science ka mahakumbh
- टोपी उछालना-इज्जत से खिलवाड़ करना।

## ठ से मुहावरा

- ठन-ठन गोपाल - खाली जेब / अत्यन्त गरीब
- ठंडा करना - क्रोध शान्त करना
- ठंडा पड़ना - मर जाना
- ठकुरसोहाती / ठकुरसुहाती करना - चापलूसी या खुशामद करना
- ठठरी हो जाना - बहुत कमजोर या दुबला-पतला हो जाना
- ठेंगा दिखाना - इनकार करना
- ठगा-सा रह जाना—चकित रह जाना।
- ठिकाने लगाना-मार डालना।
- ठोकर खाना-असावधानी के कारण नुकसान उठाना।

## ड से मुहावरा

- डूबते को तिनके का सहारा-संकट में छोटी वस्तु से भी सहायता मिलना।

- डंक जलना - बुरा होना

## ढ से मुहावरा

- ढाई ईंट की मस्जिद अलग बनाना-सार्वजनिक मत के विरुद्ध कार्य करना।
- ढिंढोरा पीटना-बात का खुलेआम प्रचार करना।
- ढोल की पोल/ढोल के भीतर पोल—बाहरी दिखावे के पीछे छिपा खोखलापन।
- ढील देना - छूट देना
- ढेर हो जाना - गिरकर मर जाना
- ढोल पीटना - सबसे बताना
- ढपोरशंख होना - केवल बड़ी-बड़ी बातें करना, काम न करना
- ढर्रे पर आना - सुधरना
- ढलती-फिरती छाया - भाग्य का खेल या फेर
- ढाई ईंट की मस्जिद - सबसे अलग कार्य करना

Science ka Mahakumbh

## त से मुहावरा

- तलवे चाटना-खुशामद करना।
- तूती बोलना - बोलबाला होना
- तारे गिनना - चिंता के कारण रात में नींद न आना
- तिल का ताड़ करना/बनाना-छोटी-सी बात को बड़ी बनाना।
- तीन-तेरह करना-गायब करना, तितर-बितर करना।

- तीन-पाँच करना-बहाना बनाना, इधर-उधर की बात करना।
- तोते के समान रहना-बात के सार को समझे बिना उसे रट लेना।

## थ से मुहावरा

- थूक कर चाटना - कह कर मुकर जाना
- थाली का बैंगन होना - ऐसा आदमी जिसका कोई सिद्धान्त न हो
- थाह मिलना या लगना - भेद खुलना
- थुक्का फजीहत होना - अपमान होना
- थुड़ी-थुड़ी होना - बदनामी होना
- थक कर चूर होना - बहुत थक जाना
- थर्रा उठना - अत्यंत भयभीत होना

## द से मुहावरा

- दंग रह जाना—आश्चर्यचकित होना।
- दाँत पीसकर रह जाना-क्रोध रोक लेना।
- दाँत काटी रोटी- गहरी दोस्ती
- दाँत खट्टे करना- पस्त करना
- दाँतों तले उँगली दबाना- दंग रह जाना
- तालू में दाँत जमना- बुरे दिन आना
- दाँत दिखाना- हार मानना, लाचारी प्रकट करना
- दाँत जमाना -अधिकार पाने के लिए दृढ़ता दिखाना
- दाँत गड़ाना - किसी वस्तु को पाने के लिए गहरी चाह करना

- दाँत गिनना- उम्र बताना
- दाने-दाने को तरसना-भूखों मरना।
- दाल न गलना-युक्ति में सफल न होना।
- दाल में काला होना-दोष छिपे होने का सन्देह होना।
- दिल बाग-बाग होना अत्यधिक प्रसन्न होना।
- दिल भर आना-दुःखी होना।
- दूध का दूध पानी का पानी-सही और उचित न्याय।
- दूध की नदियाँ बहाना-दूध का जरूरत से अधिक उत्पादन करना/धन-धान्य से परिपूर्ण होना।
- दूध की मक्खी की तरह निकाल देना-अवांछित, अनुपयोगी व्यक्ति को व्यवस्था से अलग करना।
- दुम दबाकर चल देना-डरकर हट जाना।
- देवता कूच कर जाना - अत्यन्त भयभीत हो जाना, होश गायब हो जाना।
- दो नावों पर पैर रखना-दो अलग-अलग पक्षों से मिलकर रहना।

Science ka Mahakumbh

## ध से मुहावरा

- धूप में बाल सफेद नहीं होना - अनुभवी होना।
- धरती पर पाँव न पड़ना - घमंड में रहना
- धूल चाटना - हार जाना
- धज्जियाँ उड़ाना - आलोचना करना
- For all pdf search on google - science ka mahakumbh
- धूल फाँकना - बेकार इधर-उधर घूमना

- धाक ज़माना - प्रभावित करना
- धूल चटाना - हरा देना
- धूल माथे पर लगाना - सम्मान करना
- धूल में मिला देना - उजाड़ देना

## न से मुहावरा

- नकेल हाथ में होना-नियन्त्रण अपने हाथ में होना।
- नजर लग जाना—बुरी दृष्टि का प्रभाव पड़ना।
- नजर से गिरना-प्रतिष्ठा खो देना।
- नदी-नाव संयोग-आश्रय-आश्रित का सम्बन्ध।
- नमक-मिर्च लगाना-बात को बढ़ा-चढ़ाकर कहना।
- नमकहरामी करना-कृतघ्नता करना।
- नाक कटना - इज्जत जाना
- नाक काटना -इज्जत नष्ट करना
- नाक का बाल होना - प्रिय होना
- नाको चने चबवाना- खूब तंग करना
- नाक पर मक्खी न बैठने देना- खरे स्वभाव का होना
- नाक में दम करना -तंग करना
- नाक रखना- प्रतिष्ठा रखना
- नाक रगड़ना- मिन्नत करना
- नाक में दम आना- तंग होना
- For all pdf search on google - science ka mahakumbh
- नाक नीची कराना - बेइज्जती कराना।
- नाक बचाना-इज्जत बचाना।

- नाकों चने चबाना-बहुत तंग करना।
- नौ-दो-ग्यारह होना—गायब हो जाना।

## प से मुहावरा

- पगड़ी उछालना-बेइज्जती करना।
- पत्ता काटना-मामले या पद से हटा देना।
- पत्थर की लकीर-अमिट बात।
- पर्दा डालना-दुर्गुणों को छिपाना।
- पसीना-पसीना होना-पसीने से तरबतर होना।
- पहाड़ टूट पड़ना—मुसीबतें आना।
- पाँचों उँगली घी में होना-आनन्द-ही-आनन्द होना।
- पानी उतर जाना-इज्जत समाप्त हो जाना।
- पानी फेर देना—निराश कर देना।
- पापड़ बेलना - कष्ट झेलना।
- पीठ दिखाना-हारकर भाग जाना।
- पौ बारह होना-खूब लाभ प्राप्त होना।
- प्राण हथेली पर रखना-मृत्यु के लिए तैयार रहना।

Science Ka Mahakumbh

## फ से मुहावरा

- फुलझड़ी छोड़ना-हँसी की बात कहना।
- फूटी आँखों न देखना-ईर्ष्या रखना।
- फलना-फूलना - तरक्की करना
- फटे में पाँव देना - दूसरे की विपत्ति अपने ऊपर लेना
- फल चखना - कुपरिणाम भुगतना
- फुलझड़ी छोड़ना - कटाक्ष करना

- फूट डालना - मतभेद पैदा करना
- फूला न समाना - अत्यन्त आनन्दित होना
- फूँककर पहाड़ उड़ाना - असंभव कार्य करना

## ब से मुहावरा

- बगुलाभगत होना - साधु के वेश में ठग, पाखण्डी।
- बगलें झाँकना-निरुत्तर होना।
- बाँछे खिल जाना—प्रसन्नता से भर उठना।
- बाल की खाल निकालना - बारीकी से जाँच-पड़ताल करना।
- बाल-बाँका न होना-कुछ भी हानि न पहुँचना।
- बालू की दीवार-दुर्बल आधार।
- For all pdf search on google - science ka mahakumbh
- बिजली गिरना-घोर विपत्ति आना।
- बीड़ा उठाना-कोई जोखिम भरा काम करने की जिम्मेदारी लेना।
- बे-पर की उड़ाना-झूठी बात फैलाना।
- बे-सिर-पैर की बात करना—निरर्थक बात करना।
- बोटी-बोटी फड़कना-जोश आना।

## भ से मुहावरा

- भण्डा फूटना-भेद खुल जाना, रहस्य प्रकट हो जाना।
- भीगी बिल्ली बनना-भय या स्वार्थवश अति नम्र होना।
- भभकी मे आना - डर जाना

## म से मुहावरा

- मुँह खुलना - उद्दण्डतापूर्वक बातें करना, बोलने का साहस होना
- मुँह देना या डालना - किसी पशु का मुँह डालना
- मुँह बन्द होना- चुप होना
- मुँह में पानी भर आना- ललचना
- मुँह से लार टपकना- बहुत लालची होना
- मुँह काला होना - कलंक या दोष लगना
- मुँह धो रखना- आशा न रखना (व्यंग्य)
- मुँह पर (या चेहरे पर) हवाई उड़ना- घबराना
- मुँहफट हो जाना- निर्लज्ज होना
- मुँह फुलाना- रूठ जाना
- मुँह बनाना - असंतुष्ट होना
- मुँह मोड़ना- ध्यान न देना
- मुँह लगाना - सिर चढ़ाना
- मुँह रखना- लिहाज रखना
- मुँहदेखी करना - पक्षपात करना
- मुँह चुराना - संकोच करना
- मुँह में लगाम न होना- जो मुँह में आये सो कह देना
- मुँह चाटना- खुशामद करना
- मुँह भरना- घूस देना
- मुँह लटकाना- रंज होना
- For all pdf search on google - science ka mahakumbh
- मुँह आना- मुँह की बीमारी होना

- मुँह की खाना- परास्त होना
- मुँह सूखना- भयभीत होना
- मुँह ताकना (या जोहना) - किसी का आसरा करना
- मुँह में खून लगना - बुरी चाट पड़ना, चसका लगना
- मुँह फेरना - अकृपा करना
- मुँह मीठा करना- प्रसन्न करना
- मुँह से फूल झड़ना- मधुर बोलना
- मुँह में धी-शक्कर -किसी अच्छी भविष्यवाणी का अनुमोदन करना
- मुँह से मुँह मिलाना- हाँ में हाँ मिलाना,
- मुट्ठी गर्म करना-रिश्वत देना।
- मूंछों पर ताव देना-शक्ति पर घमण्ड करना।
- मैदान मारना-सफलता/जीत प्राप्त करना।

## र से मुहावरा

- रंग उतरना-रौनक खत्म होना।
- राई से पर्वत करना-छोटी बात को बहुत बढ़ा देना।
- रंग जमाना-धाक जमाना।
- **For all pdf search on google - science ka mahakumbh**
- रास्ते का काँटा बनना-मार्ग में बाधा डालना।
- रोंगटे खड़े होना-भयभीत होना, हर्ष/आश्चर्य से पुलकित होना।

## ल से मुहावरा

- लकीर का फकीर होना-पुरानी नीति पर चलना।
- लाल-पीला होना क्रोधित होना।
- लुटिया डुबोना-प्रतिष्ठा नष्ट करना
- लोहा लेना-साहसपूर्वक सामना करना।
- लोहे के चने चबाना-अत्यधिक कठिन काम करना।

## स से मुहावरा

- सिर आँखों पर होना- सहर्ष स्वीकार होना
- सिर उठाना- फुरसत पाना, विरोध में खड़ा होना
- सिर पर चढ़ना- शोख होना
- सिर ऊँचा करना -आदर का पात्र होन
- सिर खाना - बकवास करना
- सिर चढ़ाना - गुस्ताख करना
- सिर झुकाना - आत्मसमर्पण करना
- सिर पर पांव रखकर भागना- बहुत जल्द भाग जाना
- सिर पड़ना - नाम लगना
- सिर खुजलाना- बहाना करना
- सिर धुनना- शोक करना
- For all pdf search on google - science ka mahakumbh
- सिर पर भूत सवार होना - एक ही रट लगाना,
- सिर फिर जाना- पागल हो जाना, घमंड होना धुन सवार होना
- सिर चढ़कर बोलना- छिपाये न छिपना

- सिर पर खेलना - प्राण दे देना
- सिर मारना- प्रयत्न करना
- सिर गंजा कर देना- मारने का भय दिखाना
- सिर पर कफन बाँधना- शहादत के लिए तैयार होना
- सफेद झूठ-बिल्कुल झूठ।
- सिर खाना-परेशान करना।
- सितारा चमकना-उन्नति पर होना
- सिर पर सवार होना-कड़ाई से निगरानी करना।
- सिर माथे पर चढ़ाना/लेना-सादर स्वीकार करना।
- सीधे मुँह बात न करना-अकड़कर बोलना।
- सौ बात की एक बात-सार तत्त्व।
- साँप-छछूंदर की गति होना-दुविधा में पड़ना।

## ह से मुहावरा

- हथियार डाल देना-हिम्मत हार जाना, समर्पण कर देना।
- हवाई किले बनाना/हवा में किले बनाना-काल्पनिक योजनाएँ बनाना।
- हवा से बातें करना-बहुत तेज गति से दौड़ना।
- हाँ में हाँ मिलाना-चापलूसी करना।
- हाथ के तोते उड़ना-अचानक किसी अनिष्ट के कारण स्तब्ध रह जाना।
- For all pdf search on google - science ka mahakumbh
- हाथ पर हाथ रखकर बैठना-निष्प्रयत्न निष्क्रिय. होना।
- हाथ-पाँव मारना-प्रयत्न करना।
- हाथ-पाँव फूलना-भय से घबरा जाना।

- हाथ पीले करना-विवाह करना।
- हाथ को हाथ नहीं सूझना-बहुत अँधेरा होना।
- हाथ मलते रह जाना-पश्चात्ताप होना।
- हुक्का भरना - सेवा करना, जी हुजूरी करना।
- होश ठिकाने होना-अक्ल ठिकाने होना।
- होश उड़ जाना—घबरा जाना।
- हाथ आना- अधिकार में आना
- हाथ खींचना - अलग होना
- हाथ खुजलाना - किसी को पीटने को जी चाहना
- हाथ देना- सहायता देना
- हाथ पसारना - माँगना
- हाथ बँटाना- मदद करना
- For all pdf search on google - science ka mahakumbh
- हाथ लगाना आरंभ करना
- हाथ मलना-पछताना
- हाथ गरम करना-घूस देना हाथ घूमना-हर्ष व्यक्त करना
- हाथ धोकर पीछे पड़ना- जी जान से लग जाना
- हाथ पर हाथ धरे बैठना - बेकार बैठे रहना
- हाथ फैलाना- याचना करना
- हाथ मारना- उड़ा लेना, लाभ उठाना
- हाथ साफ करना - मारना, उड़ा लेना, खूब खाना
- हाथ धो बैठना-आशा खो देना
- हाथापाई करना - मुठभेड़ होना
- हाथ पकड़ना- किसी स्त्री को पत्नी बनाना ,आश्रय देना

FOR FREE PDF SEARCH ON GOOGLE - SCIENCE KA MAHAKUMBH

**FOR SUBJECTWISE FREE NOTES SEARCH ON GOOGLE**

**SCIENCE KA MAHAKUMBH**

# SECTIONS

| | |
|---|---|
| PHYSICS | CHEMISTRY |
| BIOLOGY | HISTORY |
| POLITICAL SCIENCE | GEOGRAPHY |
| ECONOMICS | COMPUTER |
| ENGLISH | MATHEMATICS |
| HINDI | STATIC GK |
| STATE PCS | QUIZZES |
| TEST SERIES | |
| CURRENT AFFAIRS | |
| INTERESTING FACTS | |
| BRAIN TEASER | |
| कवि और कहानीकार | |

| | |
|---|---|
| TELEGRAM GROUP LINK 1 | CLICK HERE |
| TELEGRAM GROUP LINK 2 | CLICK HERE |
| INSTAGRAM LINK | CLICK HERE |

CONTACT WHATSAPP = +91 9708761420, +91 8081695139